8:19 AM 4G VoLTE

प्रदेशस्तरीय रैली निकली जाएगी। साथ ही 19 सितंबर रात 12 बजे से 20 सितंबर रात 12 बजे तक प्रदेशव्यापी हड़ताल रहेगी। इसे आगे भी बढ़ाया जा सकेगा।

ने रैली को सफल बनाने की बात कही। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला संरक्षक पूरणमल वैष्णव, बैंक कर्मचारी यूनियन के पद्म पटौदी, इंटक कांग्रेस के रामलाल

बैराठ, भारतीय जनता मजदूर सं के विजय जैन, सीटू के जिलामंत्री उमाशंकर, एटक के जिलाध्यक्ष मांगीलाल सहित देवकरण चौधरी संभाग प्रभारी गिरधरीलाल सांख

# कंपनी सेक्रेटरीज का रिजल्ट घोषित, कोटा चैप्टर से एक स्टूडेंट हुई सफल

## एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल एग्जाम का परिणाम घोषित

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की ओर से शुक्रवार को एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल एग्जाम का परिणाम घोषित कर दिया गया।

कोटा चैप्टर से दोनों ही एग्जाम में मात्र एक स्टूडेंट ही सभी पेपर क्लियर करने में सफल रही। आईसीएसआई की ओर से परीक्षा जून में आयोजित की गई थी। कोटा चैप्टर से प्रोफेशनल की परीक्षा में कुल 112 स्टूडेंट्स बैठे थे। इसमें से पांच स्टूडेंट्स ने मॉड्यूल एक, 14 स्टूडेंट्स ने मॉड्यूल दो और 15 स्टूडेंट्स ने मॉड्यूल तीन पास किया। प्रोफेशनल एग्जाम के तीनों मॉड्यूल को एक साथ एक भी स्टूडेंट पास नहीं कर सका। इसी प्रकार एग्जीक्यूटिव एग्जाम में 146 स्टूडेंट्स बैठे। इसमें से 17 स्टूडेंट्स ने मॉड्यूल एक व आठ स्टूडेंट्स ने मॉड्यूल दो पास किया। दोनों मॉड्यूल पास करने वाली एक मात्र छात्रा गार्गी गुप्ता रही। चेप्टर के चेयरमैन विनयकुमार मिश्रा, सचिव राहुल जैन, चेप्टर इंचार्ज राजू कुमार ने एग्जाम पास करने वाले स्टूडेंट्स को चेप्टर के माध्यम से बधाइयां दी है। प्रोफेशनल के एग्जाम में कोटा चैप्टर को टॉपर ही नहीं मिला। दरअसल, इसकी मेरिट लिस्ट में तीनों मॉड्यूल को पास करने वाले स्टूडेंट्स की बनती है। सिंगल मॉड्यूल पास करने वाले को मेरिट में शामिल नहीं किया जाता, लेकिन यहां एक भी स्टूडेंट सभी ग्रुप पास नहीं कर पाया, इस कारण मेरिट नहीं बन पाई।

### स्ट्रांग प्वाइंट्स को किया और भी स्ट्रांग

कोटा चैप्टर की मेरिट में जगह बनाने वाली एकमात्र स्टूडेंट गार्गी गुप्ता ने बताया कि अब समय हार्डवर्क के ज्यादा स्मार्ट वर्क का है। यह नियम पढ़ाई में भी लागू होता है। अकसर बच्चे जो टॉपिक बिलकुल नहीं आ रहा, उस पर काफी समय पढ़ाई व एग्जाम में दौरान बर्बाद कर देते हैं, इससे बेहतर है कि स्ट्रांग प्वाइंट्स को और भी स्ट्रांग किया जाएगा। गार्गी के पिता योगेश गुप्ता माइनिंग व्यवसायी और मां पूनम गुप्ता हाउसवाइफ है। गार्गी की कॉस्टिंग स्ट्रांग थी, इसी कारण उन्से इसमें अधिक स्कोर करते हुए 100 में से 77 अंक हासिल किए। इस सब्जेक्ट के कारण ओवरआल रिजल्ट भी बेहतर रहा। गार्गी ने सीएस फाउंडेशन में ऑल इंडिया नौवीं रैंक हासिल की थी। फ्यूचर के बारे में अभी ज्यादा नहीं सोचा है, अब अगला लक्ष्य प्रोफेशनल की परीक्षा को बेहतर अंकों के साथ पास करने का है।



Open Thumbnail
1 ... 6 7 8 ... 18
2

8:20 AM 4G VoLTE
epaper.patrika.com/m5/1333178/Rajastha
पत्रिका
8/18



अणुव्रत भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

से विशेष संदेश दिए जाएंगे। दशलक्षण पर्व के दौरान उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, आंकिंचन व ब्रह्मचर्य दश धर्मों को समझा जाएगा। हर दिन एक धर्म की

# सीएस परीक्षा के नतीजे घोषित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



सीएस के परिणाम में सफलता का जश्न मनाते रेजोनेंस के छात्र।

**कोटा.** सीएस-प्रोफेशनल और सीएस एग्जीक्यूटिव पीक्षा के नतीजे के शुक्रवार को घोषित किए गए। यह परीक्षा इसी साल के जून में हुई थी। परीक्षा परिणाम आईसीएसआई की बेवसाइट पर घोषित किया गया। कोटा केन्द्र से प्रोफेशनल परीक्षा में कुल 112 छात्र शामिल हुए। इसमें से 5 छात्र मॉड्यूल एक, 14 छात्र मॉड्यूल दो एवं 15 छात्र मॉड्यूल 3 में उत्तीर्ण हुए। कोटा केन्द्र से एक भी छात्र तीनों मॉड्यूल एक बार में पास नहीं कर सका।

वहीं सीएस-एग्जीक्यूटिव में कोटा केन्द्र से परीक्षा में 146 छात्र शामिल हुए। इसमें से 17 छात्र मॉड्यूल एक में, 8 छात्र मॉड्यूल दो में उत्तीर्ण हुए। एक छात्र ने एग्जीक्यूटिव के दोनों मॉड्यूल पास किए। इस बार का परीक्षा परिणाम पिछले अन्य परिणामों की तुलना में खराब रहा। कोटा चेप्टर ऑफ आईसीएसआई के चेयरमैन विनय कुमार मिश्रा, सचिव राहुल जैन, चेप्टर इंचार्ज राजू कुमार एवं अन्य मेम्बर्स ने सफल छात्रों को बधाई।

## रेजोनेंस का उत्कृष्ट परिणाम

सीएस प्रोफेशनल व सीएस एक्जीक्यूटिव के शुक्रवार को घोषित परिणामों में रेजोनेंस के कॉमर्स व लॉ प्रोग्राम डिवीजन (सीएलपीडी) को उल्लेखनीय सफलता मिली है। रेजोनेंस के एमडी आरके वर्मा ने बताया कि परीक्षा में रेजोनेंस के 16 विद्यार्थियों ने सीएस प्रोफेशनल, 14 सीएस एक्जीक्यूटिव में सफलता प्राप्त की है। सीएस एक्जीक्यूटिव में रेजोनेंस के कोटा अध्ययन केन्द्र से गार्गी गुप्ता ने दोनों ग्रुप में एक साथ सफलता प्राप्त की है। प्रथम समूह में 8 विद्यार्थी व द्वितीय समूह में 5 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

## गार्गी जिला मेरिट में

कोटा राजभवन रोड निवासी गार्गी गुप्ता ने जिला मेरिट में जगह बनाई है। गार्गी ने एग्जीक्यूटिव में 367 अंक के साथ 52.43 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया।